लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत

University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

Ref.No. 133
Date 16.04.2024

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक
   लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
   लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बन्धित समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
   लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर एंव हरदोई।

**विषयः** स्नातक छठें सेमेस्टर 2024 के माइनर प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

जैसा की आप अवगत है कि स्नातक छठें सेमेस्टर की (एन0ई0पी0) में विद्यार्थियों को माइनर प्रोजेक्ट तैयार करना है। अतः उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रक्रियाओं का अनुपालन आपेक्षित है:

1. प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा माइनर प्रोजेक्ट सम्बन्धित महाविद्यालय के पूर्णकालिक शिक्षक के निर्देशन में तैयार किया जायेगा। सम्बन्धित प्रमाणपत्र प्रोजेक्ट के साथ संलग्न किया जायेगा, जिसकी पुष्टि सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया जायेगा।
2. माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट अनिवार्य रूप से मेजर–1 विषय में तैयार किया जाना है।
3. माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट न्यूनतम 60 पृष्ठ की होनी चाहिए। इसे ए–4 साइज पर 1.5 लाइन स्पेसिंग Times New Roman/ Kurti Dev 12 font पर 1 इंज मार्जिन (चारो तरफ) के साथ तैयार किया जाय। प्रिन्ट दोनो तरफ होना चाहिए। साथ ही चैप्टर वाइज पेज नम्बर के साथ सारणी संलग्न किया जाना आवश्यक है। संदर्भ एवं Bibliography A.P.A. प्रारूप पर रखी जायेगी।
4. इन अभिलेखों का रिकार्ड साफ्ट कापी में सबन्धित विभाग / संकाय / महाविद्यालय में सुरक्षित रखा जायेगा, जिसे परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा मांग किये जाने पर प्रस्तुत किया जायेगा।
5. माइनर प्रोजेक्ट का मूल्यांकन एक आंतरिक एवं एक वाह्य परीक्षक द्वारा किया जायेगा। आंतरिक परीक्षक सम्बन्धित विभाग / महाविद्यालय द्वारा नामित किया जायेगा तथा वाह्य परीक्षक नियमानुसार परीक्षा नियंत्रक द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

**भवदीय,**

16.4.2024.

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. उप कुलसचिव परीक्षा
4. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।